ACHIEVING NEW HEIGHTS

# Lords Chloro Alkali Limited

A-281, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi-110 024
Phones :+91-11-40239034/35/36/37/38
E-mail : contact@lordschloro.com
Web : www.lordschloro.com

**Date: 17th July, 2021**

**To,**
**The General Manager,**
**BSE Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers**
**Dalal Street, Fort,**
**Mumbai 400 001**

**BSE Scrip Code: 500284**

**Sub: Submission of newspaper advertisements as per Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Dear Sir,

Pursuant to the provisions of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing herewith the copies of published newspaper in the English and Hindi newspaper for Standalone Un-audited Financial Results of the Company for the quarter and year ended on 30th June, 2021.

Kindly take the above in your record.

Yours faithfully
**For Lords Chloro Alkali Limited**

**Dipendra Chaudhary**
**Company Secretary**

**Encl: a/a**

Registered Office : SP-460, Matsya Industrial Area, Alwar-301030 (Rajasthan)
Phone : 0144-2881221, 2881360
**CIN : L24117RJ1979PLC002099**

## हमराज राइड शेयरिंग ऐप लॉन्च, जयपुर का प्रदूषण होगा अब कम व बचेगा लोगों का पैसा

### अब आने-जाने के लिए लोग कर सकेंगे अपने वाहन को शेयर, लोगों की परेशानी के साथ-साथ प्रदूषण भी होगा कम



**जयपुर।** लोगों को आवाजाही के लिए बेहतर और आसान साधन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बुधवार (शुक्रवार, 16 जुलाई 2021) को पूरे भारत में हमराज राइड शेयरिंग ऐप की लॉन्चिंग प्रमुख समाज सेवी व बाल संभल संस्था के श्री पंचषील जैन के द्वारा जयपुर में की गई। इस ऐप के जरिये लोग अपनी बाइक, कार या फिर ऑटो को किसी अन्य व्यक्ति के साथ राइड शेयर कर सकेंगे। हमराज राइड शेयरिंग पूर्ण रूप से स्वदेशी ऐप है। हमराज राइड शेयरिंग ऐप के को-फाउंडर निर्मल सिंह व रामसिंह मण्डेरणा ने बताया कि लोगों को आवागमन के बेहतर संसाधन और वाहन मालिकों को आते-जाते समय अतिरिक्त पैसा कमाने आदि को ध्यान में रखते हुए राइड शेयरिंग ऐप बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस सुविधा को पारदर्शी बनाने के लिए बुकिंग और पेमेंट की सुविधा को ऑनलाइन रखा गया है, जिससे गाड़ी मालिक या बुकिंग करने वाले व्यक्ति को कोई परेशानी न हो सके। उन्होंने बताया कि इस ऐप की मदद से जहां ग्राहक को बिना किसी परेशानी के साधन उपलब्ध हो सकेगा, वहीं दूसरी ओर गाड़ी मालिक को भी बिना किसी परेशानी के कही आने-जाने समय (जैसे ऑफिस से घर या घर से ऑफिस तक) ग्राहक मिल सकेगा जिससे उसकी अतिरिक्त आमदनी भी होगी। उन्होंने बताया कि इस ऐप को लॉन्च करने का दूसरा मकसद गाड़ियों से निकलने वाले धुएं से होने वाले प्रदूषण के स्तर को कम करना है। क्योंकि आज की भागदौड़ भरी दुनिया में न जाने कितने वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं जिनकी वजह से प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है, लेकिन हमराज राइड शेयरिंग ऐप की मदद से लोग एक ही समय में अपनी राइड शेयर कर सकेंगे, जिससे सड़कों पर दौड़ रही गाड़ियों का लोड कम कम हो सकेगा और प्रदूषण के स्तर में कमी आ सकेगी। हमराज राइड शेयरिंग ऐप की लॉन्चिंग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचशील जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस ऐप की मदद से मदद से लोग अपने निजी वाहनों को आय का जरिया बना सकेंगे और वहीं जो कहीं जा रहे हैं वह भी अन्य साधनों का इंतजार किए बिना उन्ही वाहन मालिकों के साथ-साथ राइड कर सकेंगे। इसमें लोगों का समय तो बचेगा ही वहीं वाहन मालिकों को एक अन्य आय का साधन भी मिल सकेगा। इस अवसर पर हमराज के टेकनीकल टीम के हैड श्री मंयक अग्रवाल व सारांष मूलचंदानी भी उपस्थित रहें।

# साईकिल यात्रा निकालकर केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन






**जयपुर।**

देश में बढ़ती मंहगाई के विरूद्ध तथा पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दामों में कमी करने की माँग को लेकर आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर के अल्बर्ट हॉल से जवाहर लाल नेहरू मार्ग गाँधी सर्किल तक साईकिल यात्रा निकालकर केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राजस्थान प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस के विधायक, विधायक प्रत्याशी, सांसद, सांसद प्रत्याशी, जनप्रतिनिधिगण एवं कांग्रेस पदाधिकारियों सहित प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने 5 किलोमीटर की साईकिल यात्रा निकालकर केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में बढ़ती मंहगाई एवं पेट्रोल-डीजल तथा रसोई गैस के दामों में कमी करने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया गया।

जयपुर में साईकिल यात्रा प्रारम्भ करने से पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा अल्बर्ट हॉल स्थित भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर साईकिल यात्रा प्रारम्भ की गई तथा यात्रा के समापन पर गाँधी सर्किल स्थित महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

यात्रा के पश्चात् कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण देश की जनता पहले से ही त्रस्त है, लोगों की नौकरियां चली गई, रोजगार खत्म हो गये, आय में कमी हो रही है, उसके बावजूद केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में लगातार मंहगाई बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कगो तेल के दाम 145 से 150 डॉलर प्रति बैरल थे उस वक्त भी देश में पेट्रोल 50 से 55 रूपये प्रति लीटर में बिक रहा था, किन्तु आज अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कगो तेल की कीमत 50 से 55 डॉलर प्रति बैरल हो गई है उसके बावजूद पेट्रोल की कीमत 100 रूपये प्रति लीटर से अधिक तथा डीजल की कीमत 100 रूपये प्रति लीटर के नजदीक पहुँच गई है। उन्होंने कहा कि रसाई गैस जो 400 में उपलब्ध थी आज सिलेण्डर की कीमत 830 रूपये पर पहुंच गई है। इसी प्रकार खाद्यान्न दाल एवं खाद्य तेलों की कीमतों में 40 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हो गई है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल एवं रसाई गैस, खाद्यान्न दाल, खाद्य तेल, चावल, चीनी के दामों में बढ़ोत्तरी कर केन्द्र सरकार ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है। आज देश का नागरिक बड़ी मुश्किल से अपने परिवार का पालन पोषण कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के काल के दौरान भी केन्द्र सरकार आम जनता को राहत प्रदान करने की बजाए पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोत्तरी कर आमजनता को लूटने का कार्य कर रही है।

डोटासरा ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है तथा जनता ने आगामी आम चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का मन बना लिया है। राजस्थान प्रदेश में भाजपा किसी भी मुद्दे पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में विफल रही है। राजस्थान की जनता के लिये केन्द्र सरकार से लोक कल्याणकारी योजना लाने में भाजपा के नेता एवं चुने हुए 25 सांसद असफल रहे हैं, जिसका खामियाजा उन्हें आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में भुगतना पड़ेगा। केन्द्र की भाजपा सरकार ने जनता से किये हुए एक भी वादे को पूर्ण नहीं किया है। केन्द्र सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है तथा देश में बढ़ती मंहगाई पर अंकुश लगाने में असफल रही है। देश का युवा, किसान, व्यापारी तथा आम जनता केन्द्र सरकार की गलत नीतियों एवं हठधर्मिता के कारण परेशान है जिस कारण आम जनता की आवाज को केन्द्र सरकार तक पहुँचाने तथा केन्द्र सरकार को नींद से जगाने के लिये कांग्रेस पार्टी द्वारा मंहगाई के विरूद्ध एवं पेट्रोल-डीजल तथा रसोई गैस के दामों में कमी कराने की मांग को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जब तक केन्द्र सरकार देश में मंहगाई पर अंकुश नहीं लगाती तथा पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दामों में कमी नहीं करेगी तब तक आम जनता के हितों की रक्षा के लिये कांग्रेस पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा आम जनता के दु:खों एवं तकलीफों को दूर करने की बजाए आपसी एवं अंदरूनी लड़ाई में व्यस्त है। मोदी जी उत्तर प्रदेश से योगी जी को हटाना चाहते हैं, योगी जी ने अपने पोस्टरों से मोदी जी को हटा दिया तथा ऊपरी दिखावा आपसी समन्वय का करते हैं, लेकिन जनता की सुध लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार की वास्तविकता आमजन के समक्ष प्रकट हो चुकी है तथा भाजपा एवं मोदी जी आम जनता के मध्य अपना विश्वास खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता इस संकट के समय में आशा भरी निगाहों से कांग्रेस की ओर देख रही है तथा कांग्रेस पार्टी आमजन के लिये उनके हितों की रक्षा के लिये हर तरह से संघर्ष करने को तैयार एवं तत्पर है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में आज निकाली गई साईकिल यात्रा में प्रमुख रूप से मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, लालचंद कटारिया, सालेह मोहम्मद, राज्यमंत्री राजेन्द्र यादव, भजनलाल जाटव, टीकाराम जूली, विधायक गोविन्द राम मेघवाल, संयम लोढ़ा, गोपाल मीणा, आलोक बेनीवाल, मती कृष्णा पूनियां, रफीक खान, चेतन डूडी, मनोज मेघवाल, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष हरिमोहन शर्मा, मुख्यालय सचिव ललित तूनवाल, सचिव पुष्पेन्द्र भारद्वाज, जसवंत गुर्जर, भूराराम सीरवी, प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गणेश घोघरा, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक हेमसिंह शेखावत, पूर्व महापौर मती ज्योति खण्डेलवाल, मुमताज मसीह, सुरेश चौधरी, सीताराम अग्रवाल, आर. सी. चौधरी, के. के. हरितवाल, मोहन डागर, मती मंजू शर्मा, स्वर्णिम चतुर्वेदी शामिल थे। देश में बढ़ती मंहगाई तथा पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दामों में कमी करने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत् कल दिनांक 17 जुलाई को प्रात: 10 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस मुख्यालय से शहीद स्मारक तक पैदल मार्च निकालकर केन्द्र सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन किया जायेगा।

# अलवर, झुन्झुनू, राजसंमद और जैसलमेर के कॉपर, सिल्वर, लाइम स्टोन व स्टीलग्रेड लाइमस्टोन ब्लॉक आक्शन के लिए तैयार : एसीएस माइंस डॉ. अग्रवाल

**जयपुर।** राज्य में अलवर, झुन्झुनू, राजसमंद और जैसलमेर के कॉपर, सिल्वर, गोल्ड, लाइम स्टोन व स्टीलग्रेड लाइमस्टोन आदि भण्डारों के नए ब्लॉकों में खनन के लिए नीलामी की कार्यवाही जल्दी ही शुरु की जाएगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने इस संबंध में अधिकारियों को आक्शन की कार्यवाही आरंभ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राज्य में नीलामी योग्य खनिज ब्लॉकों में उपलब्ध संभावित खनि संपदा के आधार पर रिअलाइन और रिडिजाइन करने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि इससे आक्षन के दौरान अधिक प्रतिस्पर्धा होने के साथ ही राज्य को अधिक राजस्व प्राप्त हो सकेगा, वहीं इन क्षेत्रों में अवैध खनन पर भी रोक लग सकेगी। एसीएस माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल शुक्रवार को सचिवालय से केन्द्र सरकार द्वारा गठित संयुक्त कार्य समूह (ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप) की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए वर्चुअल मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। संयुक्त कार्य समूह में राज्य सरकार के खान एवं भूविज्ञान विभाग के साथ ही केन्द्र सरकार के माइंस, जीएसआई, एमईसीएल आदि विभाग व उपक्रम शामिल है। उन्होंने बताया कि अलवर के खेड़ा मुण्डियावास, राजसमंद के सिंदसर कालान, झुन्झुनू के गोथरा परसरामपुरा ईस्ट एवं वेस्ट के दो ब्लॉक, जैसलमेर के रामगढ़ आदि ब्लॉक ऑक्शन के लिए लगभग तैयार है। डॉ. अग्रवाल ने जीएसआई व एमईसीएल को कहा कि वे खोज करते समय आर्थिक व व्यावसायिक दृष्टि से लाभकारी ब्लॉक तैयार करें ताकि ऑक्षन सफल होने के साथ ही अधिक राजस्व प्राप्त हो सके। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि पोटाश के दो ब्लॉकों की रिपोर्ट एमईसीएल से प्राप्त होते ही इनकी नीलामी की कार्यवाही आरंभ की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य में खनि संपदा के विपुल भण्डार है। देश के अन्य खनि संपदा वाले प्रदेशों की तरह राज्य में खनि संपदा के खोज और खनन कार्य को गति देने के समग्र प्रयास करने होंगे जिससे खनिज संपदा के खोज व दोहन से प्रदेश को अधिक व लाभकारी राजस्व प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि राज्य के अधिकारियों के दल को उड़ीसा भेजकर वहां के मॉडल का अध्ययन करवाया जाएगा। राज्य में खनिज दोहन में केन्द्र व राज्य की सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। एमईसीएल के सीएमडी रंजीत रथ ने कहा कि ब्लॉकों के आवंटन पर अधिक राजस्व प्राप्त करने के लिए नीलामी की सफल/असफल होने के कारणों का अध्ययन कराने के साथ ही वायर्स का फीडबेक व मनोविज्ञान को भी समझना होगा।


## कार्यालय नगर परिषद धौलपुर (राज.)

क्रमांक : 2020/2671 दिनांक :- 16/07/2021

**आपत्ति-विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 17.06.1999 से पूर्व/पश्चात की कृषि भूमि में बसी कॉलोनियों में स्थित भूखण्डों के आवासीय/व्यावसायिक नियमन हेतु निम्न आवेदक द्वारा जरिये दस्तावेजों से पत्रावलिया प्रस्तुत की है। यदि किसी व्यक्ति/फर्म/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 07 दिवस के अन्दर मय साक्ष्य प्रस्तुत करें। बाद गुजरने की अवधि के किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा बाद समस्त जांच के आवदेक की भूमि रूपान्तरण को पट्टा जारी कर दिया जावेगा। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये कागजात की जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | राजस्व ग्राम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल (वर्गगज में) | प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री विरेन्द्र मिश्रा पुत्र श्री लोकेन्द्र मिश्रा जाति ब्रह्मण निवासी अजमेर सिंह का बाड़ा बजरिया, धौलपुर | झौर | 68/394 | 1536.49 | वयनामा |

**आयुक्त, नगर परिषद, धौलपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सैंथल, पंचायत समिति, दौसा, जिला दौसा

क्रमांक : ग्रा.पं./टेण्डर/2021-22/55 दिनांक:- 13/07/2021

**-:: निविदा सूचना 01/2021-22::-**

कार्यालय पंचायत समिति दौसा की ग्राम पंचायत सैंथल में सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता कार्य सैंथल हेतु सक्षम एवं विभिन्न विभागों में पंजीकृत संवेदकों से वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके NIB No. ZDA2122A0127 एवं UBN No. ZDA2122WSOB00622 है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**सरपंच**
ग्राम पंचायत सैंथल
पंचायत समिति (दौसा)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत सैंथल
पंचायत समिति (दौसा)


### चिकित्सक को अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराने वाली टीम का जिला कलक्टर व एसपी ने किया सम्मान

## अदम्य साहस का परिचय देने वाली टीम ने जिले का मान बढ़ाया है : डीएम

**धौलपुर।** डॉक्टर अपहरण मामले में धौलपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहृत चिकित्सक को 24 घंटे में ही अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराने का साहसिक कार्य किया है। इसी क्रम में अपहरण मामले की कार्यवाही में सराहनीय समन्वय के साथ कार्य करने वाली जाबांज टीम ने अदम्य साहस का परिचय देने वाली टीम का जिला कलक्टर राकेश कुमार जायसवाल एवं जिला पुलिस अधीक्षक केसर सिंह शेखावत ने हौंसला आफजाई की और माला साफा व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि पुलिस के इस साहसिक कार्य से अंतर्राज्यीय स्तर पर जिले का मान बढ़ाया है। यूपी पुलिस प्रशासन और अन्य उच्च अधिकारियों ने भी जिला पुलिस प्रशासन की कार्यवाही को सराहा है। केस काफी जटिल होने पर भी इस गुत्थी को बड़े ही आसानी से सुलझाया गया जिसके लिए पुलिस के जवानों और टीम को सम्मानित किया गया। जिला कलक्टर ने एसपी एवं टीम सहित सभी के द्वारा किये गए अदम्य साहस के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी और माला और साफा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया और कहा कि निश्चित रूप से इस तरह की त्वरित कार्यवाही को सुलझाने से जिले का मान बड़ा है।


## Nagar Nigam Heritage Jaipur

(Purana police Head Quter Badi chopad Hawamahal Jaipur)

क्रमांक : ज.स.अ./2021-22/78 **ई-निविदा सूचना** दिनांक:- 15.07.2021

**ई-निविदा सूचना-N.I.B No. 08/D.C. (A.M.)/2021-22/63/14/7/2021**

नगर निगम हैरिटेज जयपुर के सुअर बाडा जामडोली, आगरा रोड में सुअर को खिलानें हेतु खाद्य सामग्री-आलू, फूल गोभी, पत्ता गोभी, गाजर, तरबूज, पालक, ककडी, घीया, टमाटर, मटर, फली, तुरई, कद्दू, बैगन इत्यादि आपूर्ति का कार्य की एक वर्ष के लिए ई-निविदा संख्या 08/D.C. (A.M.)/2021-22 आमंत्रित की जाती है। निविदा की अनुमानित लागत 3.06 लाख रूपये की है। निविदा से संबंधित शर्ते व अन्य जानकारी नगर निगम, जयपुर की बेवसाईट WWW.JAIPURMCHERITAGE.ORG एवं SPPP.RAJASTHAN.GOV.IN एवं EPROC.RAJASTHAN.GOV.IN पर देखी जा सकती है। निविदा का UBN NO.JMC2122WSOB00516 है।

राज.संवाद/सी/21/3605 **उपायुक्त (पशु प्रबंधन)**

## नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)

क्रमांक : ज.स.अ./2021-22/71 दिनांक:- 13.07.2021

**ई-निविदा सूचना सं. अधि० अभि० (मु०) 17/2021-22**

केन्द्र एवं राज्य सरकार में उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के निविदादाताओं से अधि० अभि० (मु०) द्वारा सम्बन्धित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com, eproc.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal Government of Rajasthan की वेबसाईट http;//sppp.rajasthan.gov.in के UBN No:- JMC2122SLOB00502 पर भी देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/21/3627 **अधिशाषी अभियन्ता (मु0)**

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-12, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक: LU2012/JDA/2021-22/101125 **लोक सूचना** दिनांक: 28.06.2021


श्री RAJVEER CHOUDHARY, श्री PURANMAL CHOUDHARY जाति JAT निवासी REVADO KI DHANI JAITPURA, CHOMU, JAIPUR-303704, ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

| क्र. स. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जेतपुरा, चौमू (जयपुर) | BANSI S/O RAMU | 314,315 1341 & 1345 | 6972 | 0.6972 |
| | | | | कुल | 0.6972 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A for Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 28.06.2021 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी जोन-12, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**


### बाट-माप, तौलन एवं मापक यंत्रों के वजन की शुद्धता की होगी जांच

# पैट्रोलियम आउटलेट, व्हेब्रिज एवं ज्वैलर्स का किया जाएगा सघन निरीक्षण : उपभोक्ता सचिव



**जयपुर।** विधिक माप विज्ञान प्रकोष्ठ द्वारा पैट्रोलियम आउटलेट, व्हेब्रिज, उचित मूल्य दुकान, बाट एवं माप निर्माता, पैकर्स सहित ज्वैलर्स, किराने की दुकानों का आगामी माह से पूरे प्रदेश में नियमित रूप से सघन निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अगर अनियमितता पाई जाती है तो विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 एवं विधिक माप विज्ञान (डिब्बा बंद वस्तुएं) नियम 2011 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

उपभोक्ता मामले विभाग के शासन सचिव नवीन जैन शासन सचिवालय में आयोजित वी.सी. के दौरान विधिक माप विज्ञान के अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में स्थित पेट्रोल पम्पों के नोजल, व्हेब्रिज, उचित मूल्य की दुकानों के बाट-माप, बाट एवं माप विनिर्माता, डीलर एवं मरम्मतकर्ता एवं पैकर्स का हर महीने में मौके पर जाकर संबंधित विधिक माप विज्ञान अधिकारियों को निरीक्षण करना होगा, जिसकी पालना रिपोर्ट अगले महीने की 5 तारीख तक मुख्यालय भेजनी होगी। उन्होंने ई-तुलामान एप पर 30 दिवस से अधिक समय के प्रकरणों एवं लोकसेवा गारन्टी अधिनियम, 2011 के दायरे में आने वाले प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शासन सचिव ने कहा कि प्रदेश में केवल 364 विनिर्माता कम्पनियों के पैकर्स का पंजीकरण ऑनलाइन हुआ है, जो बड़ी चिंता की बात है, इसलिए जिन जिलों में विनिर्माता कम्पनियों द्वारा पैकेजिंग का कार्य किया जाता है, वहां सघन रूप से निरीक्षण करते हुए पैकर्स का ऑनलाईन पंजीकरण करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई जिलों में खाद्य सामग्री सहित अन्य वस्तुओं की पैकजिंग संबंधी कार्य बड़ी संख्या में हो रहा है, लेकिन उनका ऑनलाईन पंजीकरण नहीं है, ऐसे में सभी का पंजीकरण करवाने के लिए समुचित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में उपभोक्ता नियंत्रक श्री अनिल अग्रवाल, उप नियंत्रक श्री चंदीराम जस्वानी सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।


## कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग, नगर उ. वि. रा. खण्ड द्वितीय, बीकानेर

क्रमांक :- 911-929 दिनांक :- 09/07/2021

**ई-बोली सूचना संख्या :- 34/2021-22**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के पंजीकृत/ सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टैण्डरिंग द्वारा बोली आमंत्रित की जाती है। यह बोली Web Site "www.sppp.rajasthan.gov.in" पर देखी जा सकती है तथा बोली प्रपत्र "http:/eproc.rajasthan.gov.in" से दिनांक 14.07.2021 को सायं 06.00 बजे से दिनांक 26.07.2021 को सायं 06.00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है तथा ऑनलाईन बिड डालने की अवधि दिनांक 26.07.2021 को सायं 06.00 बजे तक रहेगी, उक्त बोली दिनांक 27.07.2021 को दोपहर 01:00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी।

Egrass (electronic government receipt accounting system web site https://egras.raj.nic.in) के माध्यम से बोली शुल्क बजट मद 0075-00-800-52-01 धरोहर राशि बजट मद 8443-00-108-00-00 जो कि "23619 Executive Engineer, PHED, City P.D.R. Division II, Bikaner" के नाम से एवं ई-टैण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क बजट मद 8658-00-102-16-02 जो कि Managing Director, RISL Payable at Jaipur के नाम से एक ही चालान से जमा करवाना आवश्यक होगा। कार्य की धरोहर राशि के स्थान पर 50.00 रू. का शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप में ऑनलाईन अपलोड करना आवश्यक होगा। आर.पी.डब्ल्यू.ए.-100 की समस्त शर्ते लागू होगी। कुल 01 कार्य है जिसकी कुल लागत रू. 25.96 लाख रूपये है जिनमें एक कार्य की अधिकतम लागत रूपये 25.96 लाख है।

| बोली संख्या | एसपीपीपी कोड संख्या |
|---|---|
| 82 | PHE2122WSOB04716 |

**(विजय कुमार वर्मा)**
**अधिशाषी अभियंता**
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग,
नगर उ.वि.रा. खण्ड -।। बीकानेर

**DIPR/C/6878/2021**

## लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड

सीआईएन : L24117RJ1979PLC002099
पंजी. कार्यालय : एसपी-460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर-301030 (राजस्थान)
कार्पोरेट कार्यालय : ए-281, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024
फोन : +91-11-40239034/35/36/37/38, ई-मेल : secretarial@lordschloro.com, वेब : www.lordschloro.com

**30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|
| | जून 30, 2021 (अलेखापरीक्षित) | मार्च 31, 2021 (लेखापरीक्षित) (नोट 2 देखें) | जून 30, 2020 (अलेखापरीक्षित) | मार्च 31, 2021 (लेखापरीक्षित) |
| कुल आय | 4,472.53 | 5,017.47 | 2,220.08 | 15,733.02 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 279.91 | 98.45 | (149.45) | (239.11) |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 279.91 | 98.45 | (149.45) | (239.11) |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 203.43 | 51.16 | (108.02) | (204.09) |
| वर्ष हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 4.55 | 22.05 | (1.28) | 18.20 |
| प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | 2,515.39 | 2,515.39 | 2,515.39 | 2,515.39 |
| अन्य इक्विटी, आस्तियों और देयताओं के विवरण के अनुसार | | | | 5,871.46 |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (वार्षिककृत नहीं) : | | | | |
| (क) मूल | 0.81 | 0.20 | (0.43) | (0.81) |
| (ख) तनुकृत | 0.81 | 0.20 | (0.43) | (0.81) |

**नोट्स :**

1. उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा उनकी 15 जुलाई, 2021 को आयोजित बैठक में पुनरीक्षित किए गए हैं और तदुपरांत निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 15 जुलाई, 2021 को आयोजित उनकी बैठक में विचारित एवं अनुमोदित किए गए हैं। ये परिणाम सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015, यथा संशोधित, के अनुसार हैं। सांविधिक लेखापरीक्षकों ने 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु इने परिणामों का अलेखापरीक्षण किया है।
2. 31 मार्च, 2021 समाप्त को समाप्त तिमाही और 31 मार्च, 2020 को समाप्त पूर्ण वित्तीय वर्ष के लेखापरीक्षित आंकड़ों तथा क्रमानुसार 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तीसरी तिमाही तक प्रकाशित वर्षाद्यतन आंकड़ों के बीच संतुलनकारी आंकड़े हैं।
3. वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 में विनिर्दिष्ट अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के अधीन अधिसूचित अनुसार भारतीय लेखांकन मानक ("आईएनडी एएस") के सिद्धान्तों और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं।
4. भारतीय लेखांकन मानक ("आईएनडी एएस") 108 "प्रचालन खण्ड" के अनुसार, कम्पनी का व्यवसाय एकल व्यवसाय खण्ड नामतः क्लोरो ऐल्कली सेक्टर/कास्टिक सोडा का उत्पादन के अंतर्गत आता है।
5. कराधान का प्रावधान आयकर की लागू दरों पर किया गया है।
6. कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत, चालू आंतरिक और बाह्य घटकों पर विचार करते हुए, कम्पनी ने 30 जून, 2021 की तिथि अनुसार इसकी तरलता की स्थिति/ इसकी आस्तियों के वहन मूल्य के रोकड़ प्रवाह का विस्तृत आकलन किया है और इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि इसके वित्तीय परिणामों में कोई समायोजन अपेक्षित नहीं है।
7. पूर्व तिमाही/वर्ष के आंकड़े, जहां आवश्यक है, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं।

**वास्ते लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**
हस्ता./-
अजय विरमानी
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00758726

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 15-07-2021


स्वत्वाधिकारी मुद्रक एवं प्रकाशक अंकिता माथुर के लिए शांति ऑफसेट प्रिंटर्स, 5-सी, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित होकर 40/155-156, स्वर्ण पथ, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अंकिता माथुर, मो. 9414137346 । प्रशासनिक कार्यालय- 40/155-156, स्वर्ण पथ, मानसरोवर, जयपुर, शहर कार्यालय- 5-सी, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर। सम्पर्क - 9828286286, 0141-2943342 ईमेल- lokmatin@gmail.com, lokmatjpr@gmail.com